पत्रांक–03 / स्था0रा0से0(विविध)–14 / 2025–...............(3) / रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना।

प्रेषक,

सी0 के0 अनिल, भा0प्र0से0
प्रधान सचिव।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना, दिनांकः–**02 फरवरी, 2026**

विषय :– बिहार राजस्व सेवा संघ द्वारा दिनांक–02.02.2026 से अनिश्चितकालीन अवकाश (हड़ताल) पर जाने के संबंध में।

प्रसंग :– बिहार राजस्व सेवा संघ का पत्रांक– BiRSA/25/01/52 दिनांक–01.02.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार राजस्व सेवा संघ के पदाधिकारीगण द्वारा कतिपय यह आवाह्न किया गया है कि बिहार राजस्व सेवा संघ के सभी सदस्य दिनांक–02.02.2026 (सोमवार) से अनिश्चितकालीन अवकाश (हड़ताल) पर जायेंगे। बिहार राजस्व सेवा संघ के सदस्य के हड़ताल पर जाने के कारण राजस्व प्रशासन का कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए निम्नलिखित कार्य किया जाए :–

क. चूंकि दिनांक–02.02.2026 (सोमवार) का दिन है एवं मुख्य सचिव, बिहार के पत्रांक–88 दिनांक–09.01.2026 के आलोक में सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को प्रत्येक कार्यालय में जनता दरबार आयोजित करने का आदेश संसूचित है। उक्त स्थिति में अंचल मुख्यालय के वरीयतम हल्का कर्मचारी को प्रभारी अंचल अधिकारी का प्रभार दिया जाए। यहाँ BDO/RDO एवं DCLR को भी प्रभार दिया जा सकता है।

ख. चूंकि दिनांक–02.02.2026 से बिहार विधान मंडलीय बजट अधिवेशन प्रारंभ है (संसदीय कार्य विभाग अधिसूचना सं0–67 दिनांक–14.01.2026)। ऐसी स्थिति में अंचल कार्यालयों का रिक्त होना जनहित में नहीं है।

ग. वर्तमान में दो समानान्तर महा–अभियान, ई–मापी एवं परिमार्जन प्लस / दाखिल–खारिज भी चालू है। उक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने की आवश्यकता को देखते हुए तात्कालिक रूप से कार्यकारी व्यवस्था किया जाना व्यापक लोकहित में है।

घ. यदि कोई अतिरिक्त व्यवस्था कर्मचारी (हल्का) प्रभार से बेहतर किसी भी जिला समाहर्त्ता का सुझाव हो, तो उसे मुख्यालय को अग्रसारित करते हुए जिला में क्रियान्वित करें।

ङ. दिनांक–02.02.2026 (सोमवार) से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले अंचलाधिकारी /राजस्व पदाधिकारी से डोंगल/वाहन वापस ले लिया जाए। साथ ही अंचल कार्यालय में बक्से/आलमीरा में संधारित राजस्व अभिलेखों की चाभी भी हस्तगत करा लिया जाए।

च. हड़ताल पर जाने वाले पदाधिकारियों की सेवा अवधि को No work No Pay के आधार पर परिगणित करने पर विचार किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अनिश्चितकालीन हड़ताल की अवधि तक अंचल कार्यालयों को चलाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(सी0 के0 अनिल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–03/स्था0रा0से0(विविध)–14/2025–187(3)/रा0, पटना दिनांक–02/02/2026

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

02/02/2026

(सी0 के0 अनिल)
प्रधान सचिव